# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2019

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2019

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# PSYCHOLOGY

Biharboardquestionpaper.com

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 35 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. 5 जून को निम्नांकित में से कौन दिवस मनाया जाता है ?

(a) विश्व साक्षरता दिवस

(b) विश्व एड्स दिवस

(c) विश्व पर्यावरण दिवस

(d) विश्व मातृत्व दिवस

2. आक्रमण का मूल प्रवृत्ति सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है ?

(a) लोरेन्ज

(b) फ्रायड

(c) बन्डुरा

(d) इनमें से कोई नहीं

3. समूह ध्रुवीकरण के संप्रत्यय का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया है ?

(a) फेशनर तथा म्यूलर

(b) क्रेश्मर एवम् शेल्डन

(c) मोसकोविसी एवम् फ्रेजर

(d) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नांकित में कौन आत्म-नियंत्रण की प्रविधि नहीं है ?

(a) अपने व्यवहार का स्वयं निरीक्षण

(b) आत्म सम्मान

(c) उद्दीपक नियंत्रण

(d) आत्म प्रवर्तन

5. फ्रिट्ज हाइडर का संतुलन सिद्धान्त में P-O-X मॉडल में O प्रतिनिधित्व करता है

(a) दूसरे व्यक्ति को

(b) जिस व्यक्ति की मनोवृत्ति का अध्ययन किया जाता है।

(c) दूसरे वस्तु को

(d) इनमें से कोई नहीं

6. संवेदनात्मक अहं किससे संबंधित हैं ?

(a) आत्मसम्प्रत्यय

(b) आत्मरक्षा

(c) आत्मसम्मान

(d) उपरोक्त सभी

BiharboardQuestionpaper.com

7. विश्वविद्यालय एक उदाहरण है

(a) अनौपचारिक समूह

(b) औपचारिक समूह

(c) आकस्मिक समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

8. जब व्यक्ति अपने अहं को किसी कष्टकर इच्छा के ठीक विपरीत इच्छा की प्रेरणा विकसित कर उससे उत्पन्न चिंता से अपने आपको बचाता है उसे कहा जाता है

(a) यौक्तिकीकरण

(b) प्रतिक्रिया निर्माण

(c) प्रक्षेपण

(d) उपरोक्त में कोई नहीं

9. एनोरेक्सिया नरवोसा एक ऐसा विकार है जिसमें रोगी को

(a) भूख अधिक लगती है।

(b) भूख कम लगती है

(c) प्यास अधिक लगती है

(d) प्यास कम लगती है

10. बन्डुरा ने सर्प दुर्भीति को दूर करने के लिए किस प्रविधि का उपयोग किया है ?

(a) क्रमबद्ध असंवेदीकरण

(b) मॉडलिंग

(c) विरुचि अनुबंध

(d) सांकेतिक व्यवस्था

BiharboardQuestionpaper.com

11. मानसिक बीमारी के वर्गीकरण की अत्यंत नवीनतम पद्धति क्या है ?

(a) DSM - IV

(b) ICD-10

(c) DSM-IV-TR

(d) उपर्युक्त सभी

12. मनोवृति परिवर्तन के द्विस्तरीय संप्रत्यय को किसने प्रस्तुत किया है ?

(a) फ्रिट्ज हाइडर

(b) लियॉन फेस्टिंगर

(c) कार्ल स्मिथ

(d) एस. एम. मोहसीन

13. संज्ञानात्मक असंवादिता की उत्पत्ति कब होती है ?

(a) जब व्यक्ति को कोई चिंता होती है

(b) जब व्यक्ति को कोई कष्ट होता है।

(c) जब व्यक्ति के सामने दो विरोधात्मक सूचनाएँ होती है।

(d) जब व्यक्ति के सामने स्मरण और विस्मरण की घटनाएँ होती है

14. इनमें से बुद्धि लब्धि का सही सूत्र कौन-सा है ?

(a) $\frac{\text{वास्तविक आयु} \times \text{मानसिक आयु}}{100}$

(b) $\frac{\text{वास्तविक आयु} \times \text{मानसिक आयु}}{90}$

(c) $\frac{\text{मानसिक आयुवास्तविक}}{\text{आयु}} \times 100$

(d) $\frac{\text{वास्तविक आयु} \times \text{मानसिक आयु}}{120}$

BiharboardQuestionpaper.com

15. व्यक्तित्व की नैतिक शाखा मानी गयी है।

(a) इदम्

(b) अहम्

(c) पराहम्

(d) इनमें से सभी

16. प्रतिबल के विपरीत अवस्था को कहते हैं

(a) चिंतन

(b) शिथिलीकरण

(c) अनुकूलन

(d) इनमें से कोई नहीं

17. इसमें कौन समानुभूति की विशेषता नहीं है ?

(a) समानुभूति आधारित सहजसंबंध

(b) संवाद में एकरूपता

(c) लाभार्थी के मानसिक जगत को लगभग पूरी तरह से समझ पाने का अनुभव

(d) सहानुभूति

18. व्यक्तित्व का कारक विश्लेषण सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन है ?

(a) ऑलपोर्ट

(b) फ्रीडमैन

(c) कैटेल

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. अल्बर्ट एलिस ने निम्नांकित में किस चिकित्सा विधि का प्रतिपादन किया है ?

(a) संज्ञानात्मक चिकित्सा

(b) व्यवहार चिकित्सा

(c) अस्तित्वात्मक चिकित्सा

(d) इनमें से कोई नहीं

20. टाइप A प्रकार के व्यक्तित्व में इनमें से कौन-सी विशेषता पायी जाती है ?

(a) प्रतियोगी भावना

(b) आक्रामकता

(c) बेसब्री

(d) इनमें से सभी

21. इनमें से कौन परामर्श की प्रविधियाँ नहीं है ?

(a) निर्देशक परामर्श

(b) अनिर्देशक परामर्श

(c) समझौतावादी परामर्श

(d) प्रोत्साहन परामर्श

22. किसने बुद्धि को व्यक्ति की सार्वभौमिक क्षमता के रूप में परिभाषित किया है ?

(a) वेश्लर

(b) बिने

(c) गार्डनर

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

33. प्राकृतिक आपदा का उदाहरण है

(a) बाढ़,

(b) भूकंप

(c) सूखा

(d) उपर्युक्त सभी

24. उत्तम स्वास्थ्य हेतु किस भारतीय मनीषी ने अष्टांग मार्ग को प्रतिपादित किया है ?

(a) गौतम

(b) पतंजलि

(c) याज्ञवल्क्य

(d) सुकरात

25. सामूहिक अचेतन का सम्प्रत्यय का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) युंग

(b) एडलर

(c) फ्रायड

(d) इनमें से कोई नहीं

26. फ्रायड द्वारा प्रतिपादित मनोविश्लेषण विधि के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(a) मनोविश्लेषण व्यक्तित्व का एक सिद्धान्त है।

(b) मनोविश्लेषण एक स्कूल है

(c) मनोविश्लेषण चिकित्सा की एक विधि है

(d) उपर्युक्त सभी

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

27. उच्चतम संगठित समूह

(a) देश

(b) परिवार

(c) सेना

(d) औद्योगिक संगठन

28. व्यवहार चिकित्सा आधारित होता है

(a) प्रत्यक्षण के सिद्धान्त पर

(b) सीखने के सिद्धान्त पर

(c) संवेग के सिद्धान्त पर

(d) अभिप्रेरण के सिद्धान्त पर

29. किसने व्यक्ति को पूर्णरूप से कार्यशील व्यक्ति माना है ?

(a) कार्ल रोजर्स

(b) मास्लो

(c) कार्ल युंग

(d) एरिक फ्रॉम

30. किसने बुद्धि का त्रि-तत्वीय सिद्धान्त प्रतिपादित किया ?

(a) स्पीयरमैन

(b) गार्डनर

(c) थर्स्टन

(d) स्टर्नबर्ग

BiharboardQuestionpaper.com

31. किस अवस्था में जननेन्द्रियाँ पर फोकस होता है ?

(a) गुदा अवस्था

(b) लिंग प्रधानावस्था

(c) जननेन्द्रियावस्था

(d) मुखा अवस्था

32. आक्रमण को किसने इस रूप में परिमाणित किया है"- आक्रमण से तात्पर्य दूसरों के प्रति किये गए साभिप्राय क्षति से होती है"?

(a) हिलगार्ड

(b) फ्रायड

(c) बर्कोविट्ज

(d) इनमें से कोई नहीं

33. शुद्ध वायु कहलाती है

(a) 20.94% $N_2$, 78.98% $O_2$ तथा 0.03% $CO_2$

(b) 78.98% $N_2$ 20.94% $O_2$ तथा 0.03% $CO_2$

(c) 60.30% $N_2$ 39.20% $O_2$ तथा 0.03% $CO_2$

(d) इनमें से कोई नहीं

34. रेवेन प्रोग्रेसिव मैट्रिक किस तरह का बुद्धि परीक्षण है ?

(a) शाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(b) अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण

(c) क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

35. एम. एम. पी. आई. आविष्कारिका किसने विकसित किया ?

(a) ऑलपोर्ट

(b) हाथवे तथा मैकिन्ले

(c) आइजेन्क

(d) कैटेल

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर के लिए सीमा 30-40 शब्द है।

1. परामर्श कौशल क्या है ?
2. निर्धनता को परिभाषित करें।
3. प्रेक्षण कौशल क्या है ?
4. प्राकृतिक पर्यावरण से आप क्या समझते हैं ?
5. समूह संघर्ष के मनोवैज्ञानिक कारकों को लिखें।
6. रूढ़ियुक्ति किसे कहते हैं ?
7. मनोवृत्ति के संज्ञानात्मक संघटक से आप क्या समझते हैं ?
8. मनोवृत्ति परिवर्तन में दूरदर्शन की भूमिका क्या है ?
9. चिकित्सा के उद्देश्यों का उल्लेख करें।
10. योग के आठ अंग कौन-कौन से हैं?
11. मनोग्रस्तता-मनोबाध्यता विकार क्या है ?
12. विभ्रम क्या है ?
13. अच्छे स्वास्थ्य से आपका क्या तात्पर्य है ?
14. अच्छे आहार से आपका क्या तात्पर्य है ?

BiharboardQuestionpaper.com

15. व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं ?

16. अनुरूपता को परिभाषित करें।

17. मनोवृत्ति में अनुकूल परिवर्तन तथा प्रतिकूल परिवर्तन क्या

18. व्यवहार चिकित्सा की मॉडलिंग प्रविधि का वर्णन संक्षेप में करें। ?

प्रश्न संख्या 19 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द सीमा 80 से 100 शब्द है।

19. व्यक्तित्व मापन के एक उपकरण के रूप में साक्षात्कार विधि के गुणों एवं दोषों का वर्णन करें।

20. बुद्धि के पास मॉडल या सिद्धान्त का वर्णन करें।

21. प्रतिबल के स्रोतों का वर्णन करें।

22. असामान्य व्यवहार के कारणों का वर्णन करें।

23. रोगी केन्द्रित चिकित्सा क्या है ? इसके गुण-दोषों का वर्णन करें।

24. भारत में पूर्वधारणाओं को नियंत्रित या दूर करने के चार मुख्य उपायों का वर्णन करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..